# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–22 फरवरी 2025** **सान्ध्य समाचार**

प्रयागराज महाकुंभ में तेरह जनवरी से आज तक पवित्र संगम में डुबकी लगाने वालों की संख्या साठ करोड़ पार कर गई है। महाकुंभ दो हजार पचीस के अधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफार्म के जरिये यह जानकारी दी गई है।

उधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी लखीमपुर खीरी में सोलह सौ बाइस करोड़ रूपये की तीन सौ तिहत्तर विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास के बाद आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित हुए इस बात की पुष्टि की है। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा है कि आज पूरी दुनिया प्रयागराज के महाकुंभ में भागीदार बनने के लिये उत्साहित है। यह महाकुंभ प्रदेश के सामर्थ्य को देश और दुनिया के सामने रखने वाला है। इसका लोहा पूरी दुनिया मान रही है। आज लखीमपुर खीरी में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रयागराज महाकुंभ दिव्य और भव्य तरीके से आगे बढ़ रहा है।

***महाकुंभ में देश की आधी आबादी अब तक आस्था की पवित्र डुबकी लगा चुकी है। आज साठ करोड़ लोग यानि साठ करोड़ श्रद्धालु तेरह जनवरी से लेकर के आज बाइस फरवरी है, बाइस फरवरी के बीच साठ करोड़ श्रद्धालु महाकुंभ में आस्था की पवित्र डुबकी लगा चुका होगा। दुनिया के अंदर किसी आयोजन में इतनी बड़ी भागीदारी नहीं होती है।***

आज महाकुंभ में केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने संगम में पवित्र स्नान कर महापर्व की आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया। स्नान के बाद राज्यपाल ने कहा कि महाकुंभ केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि भारत के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का केन्द्र है।

इस बीच, महाशिवरात्रि पर महाकुंभ में भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए प्रयागराज के स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में गहन चिकित्सा इकाई– आई.सी.यू. में बिस्तरों की संख्या बढ़ाकर एक सौ सैंतालिस कर दी गई है। एक रिपोर्ट–

***एसआरएन अस्पताल में अब 147 आईसीयू बेड हैं। किसी भी आपातकालीन चिकित्सा स्थिति से निपटने में यह अस्पताल बेहद कारगर साबित होगा। इसमें ट्रॉमा केयर और वेंटिलेटर की सुविधा चौबीसों घंटे उपलब्ध है। ट्रॉमा केयर सेंटर में वेंटिलेटर, मॉनिटरिंग सिस्टम और आपातकालीन चिकित्सा दलों सहित अत्याधुनिक उपकरण उपलब्ध हैं। महाशिवरात्रि पर महाकुंभ में करोड़ों श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। राज्य सरकार किसी भी आपातकालीन चिकित्सा स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक तैयारी पूरी कर रही है। आदर्श के साथ अभिषेक कपिल, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।***

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने सिर्फ प्रयागराज जिले में चौबीस फरवरी की हाई स्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा स्थगित कर दी है।

**********

भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में कल और चौबीस फरवरी को अंतरराष्ट्रीय थाई महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। कुशीनगर के थाई बुद्ध मोनास्ट्री के प्रभारी फ्रा सोमपांग ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आयोजन में अलग अलग गतिविधियों के साथ बौद्ध भिक्षु, भारत और थाईलैंड की खुशहाली एवं विकास और विश्वशांति के लिए प्रार्थना भी करेंगे।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन की बात मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ उन्नीसवीं कड़ी में अपने विचार साझा करेंगे। इसका प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसकी लाइव स्ट्रीमिंग भी आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज, पीएमओ तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर की जाएगी।

**********

वाराणसी जिले के कंपनी बाग उद्यान परिसर में आज से दो दिन की मंडलीय शाक भाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी शुरू हुई। इसका उद्घाटन प्रदेश सरकार के स्टांप एवं पंजीयन राज्य मंत्री रविंद्र जायसवाल ने किया। प्रदर्शनी में दो सौ से अधिक फूलों और सब्जियों का कलात्मक प्रदर्शन किया गया है।

**********

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो की ओर से आज काशी–तमिल संगमम में चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों और दर्शकों के लिये पोस्टर पेंटिंग और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दोनों प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को केन्द्रीय संचार ब्यूरो के वाराणसी क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा पुरस्कृत किया गया।

**********

सुंदरकांड पाठ के साथ आज से अम्बेडकरनगर महोत्सव की शुरूआत हो गयी। यह चौबीस फरवरी तक चलेगा। इस मौके पर हुई पूजा अर्चना में जिलाधिकारी अविनाश सिंह समेत जिले भर के अधिकारी शामिल हुए। विकास और विरासत थीम पर आधारित इस महोत्सव में भोजपुरी और बॉलीवुड कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

**********